**दिनांक 01.07.2026 को अभियंता प्रमुख ,सिंचाई सृजन,जल संसाधन विभाग, पटना की अध्यक्षता में रू0 50 करोड़ से अधिक राशि की परियोजनाओं के समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही ।**

**बैठक में उपस्थित पदाधिकारीगण एवं संवेदक की सूची परिशिष्ट–1 में संलग्न।**

**मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, सिवान प्रक्षेत्र**

1. **पश्चिमी गंडक नहर प्रणाली (सारण मुख्य नहर एवं इसकी वितरण प्रणाली) के पुनर्स्थापन (ई0आर0एम0) योजना अन्तर्गत सभी नौ ग्रुपों के कार्यों की समीक्षा की गई :–**

गोपालगज, सिवान एवं सारण जिलान्तर्गत 1.58 लाख हे० सिंचाई क्षमता का सृजन एवं 1.47 लाख हे0 सिचाई क्षमता के पुनर्स्थापन हेतु पश्चिमी गंडक नहर प्रणाली के पुनर्स्थापन (ई0आर0एम0) हेतु वर्ष 2014 में राज्य मद अन्तर्गत रू0 2061.8288 करोड़ की प्रशासनिक एवं व्यय की स्वीकृति प्रदान की गयी।

इस योजना का कार्यान्वियन 09 अद्द ग्रुपों में विभक्त कर वर्ष 2014–15 में प्रारंभ किया गया। वर्तमान में इस योजना की समेकित भौतिक प्रगति 69.00 प्रतिशत है। सिंचाई क्षमता के पुनर्स्थापन हेतु निर्धारित लक्ष्य 1.47 लाख हे० के विरूद्ध 1.005 लाख हे० का पुनर्स्थापन एवं सिंचाई क्षमता के सृजन हेतु निर्धारित लक्ष्य 1.50 लाख हे० के विरुद्ध 0.753 लाख हे0 का सृजन की उपलब्धि प्राप्त कर ली गई है।

विषयक योजना की ग्रुपवार समीक्षा की गयी, जिसमें प्रत्येक ग्रुप के नोडल कार्यपालक अभियंता द्वारा कार्य की प्रगति के संबंध में बताया गया, जो निम्नवत् है :–

| ग्रुप सं0 | संवेदक | प्रमंडल जिसके अंतर्गत कार्य कराया जा रहा है | कार्य का नोडल प्रमंडल | कार्य पूर्ण करने की निर्धारित तिथि | कार्य की लागत राशि (करोड़ में) | भौतिक प्रगति (प्रतिशत में) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | M/S RKS Engicon Pvt. Ltd | सारण नहर प्रमंडल, भोरे / गोपालगंज | सारण नहर प्रमंडल, भोरे | 13.02.2026 | 156.2 | 38.65 | |
| 02 (ग्रुप सं0–07 सहित) | M/S Baibhav Pvt. Ltd. | सारण नहर प्रमंडल, गोपालगंज / भोरे<br>सारण नहर प्रमंडल, मढ़ौरा | सारण नहर प्रमंडल, गोपालगंज | 31.05.2026 | 349.09 | 49.76 | |
| 03 | M/S Baibhav Pvt. Ltd. | सारण नहर प्रमंडल, मैरवा | सारण नहर प्रमंडल, मैरवा | 31.05.2026 | 157.61 | 83.14 | |
| 04 | M/S Sri Ram Enterprises | सारण नहर प्रमंडल, सिवान / भोरे | सारण नहर प्रमंडल, सिवान | 05.01.2026 | 288.13 | 33.70 | |
| 05 | M/S Kamladitya Const. Pvt. Ltd. | सारण नहर प्रमंडल, एकमा / महाराजगंज / छपरा | सारण नहर प्रमंडल, एकमा | 31.05.2026 | 337.70 | 87.32 | |
| 06 | M/S Kamladitya Const. Pvt. Ltd. | सारण नहर प्रमंडल, छपरा / महाराजगंज / एकमा | सारण नहर प्रमंडल, छपरा | 31.05.2026 | 323.70 | 89.94 | |

| ग्रुप सं0 | संवेदक | प्रमंडल जिसके अंतर्गत कार्य कराया जा रहा है | कार्य का नोडल प्रमंडल | कार्य पूर्ण करने की निर्धारित तिथि | कार्य की लागत राशि (करोड़ में) | भौतिक प्रगति (प्रतिशत में) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 08 | M/S Patel Engg. | सारण नहर प्रमंडल, गोपालगंज / सिवान / मढ़ौरा | सारण नहर प्रमंडल, गोपालगंज | 31.05.2026 | 245.42 | 92.17 | |
| 09 | M/S Kamladitya Const. Pvt. Ltd. | सारण नहर प्रमंडल, मैरवा | सारण नहर प्रमंडल, मैरवा | 31.03.2027 | 158.52 | 46.34 | |

उपर्युक्त सभी कार्यों के ग्रुपवार समीक्षा के क्रम में ग्रुप सं0–1, 2 (ग्रुप सं0–07 सहित),4 एवं 9 की प्रगति पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बतायी गयी चूँकि उक्त ग्रुपों के अंतर्गत प्रावधानित कार्यों को कराने पर ही यह योजना समेकित रूप से पूर्ण हो पायेगा। साथ ही सभी ग्रुपों के कार्यों को ससमय गुणवता एवं विशिष्टि सहित समुचित प्रगति हेतु विगत बैठकों में दिए गए दिशानिदेशो का दृढ़तापूर्वक अनुपालन सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।

1. बैठक के दौरान विशेष तौर पर कार्य में बाधक बने विद्युत् पोल के विस्थापन एवं वृक्ष पातन कार्य की समीक्षा की गयी। उक्त कार्यों के अत्यंत धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन द्वारा स्पष्ट निदेश दिया गया कि खरीफ अवधि के दौरान विद्युत् पोल विस्थापन एवं वृक्ष पातन कार्य को हर हाल में करा लिया जाना सुनिश्चित किया जाय। कुल 1517 विद्युत् पोल विस्थापन के विरुद्ध मात्र 19 पोल का विस्थापन अभी तक हुआ है। विद्युत् पोलों के विस्थापन में आ रहे समस्याओं को अगले 10 दिनों यथा दिनांक 11.07.2026 तक सुलझाने का निदेश दिया गया।
2. वृक्षपातन के सम्बन्ध में वन प्रमंडल पदाधिकारी, गोपालगंज वन प्रमंडल के पत्रांक 1567 दिनांक 02.06.2026 के आलोक में विगत एक माह में किये गए कार्रवाई का ब्योरा क्षेत्रीय अभियंताओं से मांगे जाने के क्रम में कोई ठोस जवाब नहीं दिए जाने पर अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन द्वारा नाराजगी जाहिर करते हुए उक्त पत्र के आलोक में आवश्यक कार्रवाई किये जाने एवं सम्बंधित वन प्रमंडल पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर वृक्षपातन के कार्यों में आ रहे समस्याओं के निराकरण कराने का निदेश दिया गया। साथ ही कृत कारवाई से विभागीय पदाधिकारियों को अवगत कराते रहने का निदेश दिया गया ताकि विभागीय स्तर पर आवश्यकतानुसार सम्बंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर समस्याओं को सुलझाया जा सके।
3. विद्युत् पोल विस्थापन एवं वृक्षपातन कार्य को हर हाल में अगले 10 दिनों में Expedite करने का निदेश दिया गया। साथ ही उपर्युक्त निदेशों के अनुसार कार्य नहीं कराये जाने पर सम्बंधित दोषी पदाधिकारियों /अभियंताओं को चिन्हित कर विभाग को सूचित करने का निदेश दिया गया।

4. विद्युत् पोल विस्थापन हेतु सम्बंधित विद्युत् आपूर्ति प्रमंडल/अंचल (ऊर्जा विभाग) से प्राप्त प्राकलन के आधार पर संलग्न विहित प्रपत्र में अद्यतन प्रतिवेदन दो दिनों के अन्दर उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया

5. बैठक के दौरान SPMG Portal पर सम्मिलित सभी योजनाओं की वस्तुस्थिति यथा भौतिक एवं वित्तीय प्रगति,कार्य में बाधक कारण इत्यादि ससमय अद्यतन करने का निदेश दिया गया

**(कार्रवाई–मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सिवान/अधीक्षण अभियंता, सारण नहर अंचल, छपरा/सिवान/कार्यपालक अभियंता, सारण नहर प्रमंडल, भोरे/गोपालगंज/एकमा/महाराजगंज/छपरा/मढ़ौरा/सिवान)**

03/7/26

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन,
जल संसाधन विभाग, पटना।

ज्ञापांकः– मो0 2 सिवान 40/2026– 1351 /पटना, दिनांक : 03-07-2026

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग सिवान/अधीक्षण अभियंता, सारण नहर अंचल, सिवान/छपरा तथा कार्यपालक अभियंता, सारण नहर प्रमंडल, भोरे/छपरा/महाराजगंज/एकमा/मढ़ौरा/मैरवा/गोपालगंज/सिवान को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश है कि मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सिवान अपने स्तर से सभी संबंधित संवेदक को बैठक की कार्यवाही उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन,

ज्ञापांकः– मो0 2 सिवान 40/2026– 1351 /पटना, दिनांक : 03-07-2026

प्रतिलिपिः– सचिव के प्रधान आप्त सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन,

ज्ञापांकः– मो0 2 सिवान 40/2026– 1351 /पटना, दिनांक : 03-07-2026

प्रतिलिपिः– माननीय उपमुख्य (जल संसाधन विभाग) मंत्री, के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन,

ज्ञापांकः– मो0 2 सिवान 40/2026– 1351 /पटना, दिनांक : 03-07-2026

प्रतिलिपिः– कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई तथा विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन,

परिशिष्ट–1 :–

मुख्यालय स्तर से :–

1. ई0 ब्रजेश मोहन, अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, पटना।
2. ई0 प्रशांत कुमार, अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–2, पटना।
3. ई0 प्रफुल्ल कुमार, कार्यपालक अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग प्रमंडल–7, पटना।
4. ई0 इन्द्रजीत कुमार, सहायक अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–02।
5. ई0 नीरज कुमार सिंह, सहायक अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–02।

क्षेत्रीय स्तर से (ऑनलाईन) :–

1. ई0 अनिल कुमार, अधीक्षण अभियंता, सारण नहर अंचल, सिवान ।
2. ई0 मो0 इमरान अहमद, अधीक्षण अभियंता, सारण नहर अंचल, छपरा।
3. संबंधित सभी कार्यपालक अभियंता/सहायक अभियंता सारण नहर प्रमंडल, गोपालगंज/मैरवा/भोरे/सिवान/मढ़ौरा/महाराजगंज/एकमा/छपरा।
4. संबंधित संवेदक/संवेदक के प्रतिनिधि, R.K.S Engicon Pvt. Ltd./ M/S Baibhav Pvt. Ltd./ M/S Kamladitya Const. Pvt. Ltd./ Patel Engg./ Sri Ram Enterprises

Zone

Name of Circle :-

Name of Division :-

| Sl. No. | Name of Canal | No. of Poles to be shifted as per Joint Inspection | No. of Poles for which Estimate has been received | | | Estimated Cost | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Provision of New PSC poles | Provision of Rail New Poles | Total No. Of Poles | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

Executive Engineer